>

Title: Need to accord approval to the proposal for providing road connectivity to agricultural fields in Maharashtra to ensure easy procurement of agricultural produce.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव) ः मैंने पिछले यूपीए-2 सरकार के सामने एक महत्वपूर्ण पायलट प्रोजेक्ट किसानों के संदर्भ में रखा था और उसे महाराष्ट्र सरकार से मंजूरी लेकर केन्द्र सरकार के पास लाया था। हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत से ज्यादा लोग किसान हैं, पर आज तक की सरकारों ने किसानों के लिए गाँव से खेतों को जोड़ने वाले रास्तों पर ध्यान नहीं दिया है। इसलिए किसानों की मेहनत का फल उन्हें मिलते-मिलते रह जाता है। क्योंकि गांवों से खेतों को जाने के लिए सही रास्ता नहीं होने के कारण मानसून में थोड़ी-सी बारिश होने पर भी किसान अपने खेतों में जा नहीं सकता और उसका अनाज खेतों में ही खराब हो जाता है। इसे देखते हुए हमने महाराष्ट्र के जलगांव जिले के लिए वह पायलट प्रोजेक्ट डाला था।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सरकार इस समस्या का समाधान अवश्य करेगी और देश के किसानों को यह सौगात जल्द से जल्द मिल सकेगी।